# कार्यालय – नगर पालिका परिषद्, बिजनौर (जनपद बिजनौर।

संख्या : 1411 /न0पा0परि0बि0/2021–22, दिनांक : 02.08.2021

## मीटिंग कार्यवृत्त

### 8वीं सिटी सैनिटेशन टास्क फोर्स मीटिंग–बिजनौर

**दिनांक – 02–08–2021**

स्थान – जूम प्लेटफार्म एवं अध्यक्ष कक्ष

अध्यक्षता – श्री शमशाद अंसारी कार्यवाहक अध्यक्ष तथा श्री मनोज कुमार सिंह, अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद्, बिजनौर की अध्यक्षता में नगर में स्वच्छता को विकास देने हेतु दिनांक 02–08–2021 को 8वीं City Sanitation Task Force Meeting का वर्चुअल मंच ''**जूम**'' एवं भौतिक रूप से उपस्थित होकर अध्यक्ष महोदया के कक्ष में आयोजन किया गया।

**उपस्थिति :–**

| क्र0सं0 | नाम | पदनाम | संगठन |
|---|---|---|---|
| 1 | श्री शमशाद अंसारी | चेयरपर्सन पति | न0पा0परि0बिजनौर |
| 2 | श्री मनोज कुमार सिंह | अधिशासी अधिकारी | न0पा0परि0बिजनौर |
| 3 | श्री अमित गौतम | अवर अभियन्ता (जल) | न0पा0परि0बिजनौर |
| 4 | श्री यशवंत कुमार | अवर अभियन्ता (सिविल) | न0पा0परि0बिजनौर |
| 5 | श्री शमीम अहमद | राजस्व निरीक्षक | न0पा0परि0बिजनौर |
| 6 | श्री गोविन्द चौधरी | सफाई एवं खादय निरीक्षक | न0पा0परि0बिजनौर |
| 7 | श्री हरीश गंगवार | जिला कार्यक्रम प्रबंधक | जनपद बिजनौर |
| 8 | श्री सुदेश कुमार | सभासद, रविदास नगर वार्ड सं0–04 | न0पा0परि0बिजनौर |
| 9 | श्रीमती संध्या रस्तौगी | शिक्षाविद्/गैर सरकारी संगठन | बिजनौर |
| 10 | श्री मोहित विकरम सिंह | सहायक अभियन्ता | यूपीजेएन |
| 11 | श्री सईदुर्रहमान | निर्माण लिपिक | न0पा0परि0बिजनौर |
| 12 | श्री दिलीप सिंह | कर संग्रहकर्ता | न0पा0परि0बिजनौर |
| 13 | डा0 श्री सुरेश रोहिल्ला | वरिष्ठ निदेशक | सी0एस0ई0 |
| 14 | कु0 सुमिता सिंघल | कार्यक्रम प्रबंधक | सी0एस0ई0 |
| 15 | श्री ज्योति प्रसाद | कार्यक्रम संयोजक | सी0एस0ई0 |
| 16 | श्री हर्ष यादव | शोध सहयोगी (TSU-Bijnor) | सी0एस0ई0 |

### बैठक के बारे में संक्षिप्त जानकारी :

सर्वप्रथम नगर पालिका परिषद्, बिजनौर के नवागत अधिशासी अधिकारी श्री मनोज कुमार सिंह द्वारा सी0एस0टी0एफ0 से जुड़ने के लिए आभार व्यक्त करते हुए अपना परिचय कराया गया। सी0एस0ई0 एवं न0पा0परि0 बिजनौर ने अपनी 8वीं City Sanitation Task Force Meeting को वर्चुअल मंच ''**जूम**'' एवं भौतिक रूप से उपस्थित होकर अध्यक्ष महोदया के कक्ष में आयोजन किया गया। बैठक में सर्वप्रथम पूर्व में की गयी 7वीं सी0एस0टी0एफ0 मीटिंग में प्रस्तावित ऐजेण्डा बिन्दुओं पर वजूद में लाने हेतु चर्चा की गयी तथा जो–जो कमियां सामने आयी, को सुधारने हेतु सुझाव दिये गये। तदोपरान्त वर्तमान में की गयी 8वीं सी0एस0टी0एफ0 मीटिंग में रखे गये ऐजेण्डा बिन्दुओं को शत्प्रतिशत लागू करने हेतु निर्णय लिया गया।

# प्रमुख चर्चाएं

| विषय | चर्चाएं और अग्रिम कार्यवाही | उत्तरदायित्व |
|---|---|---|
| **(1)** मलासुर जागरूकता अभियान (द्वितीय चरण) | **1**—पूर्व में की गयी 7वीं सी0एस0टी0एफ0 मीटिंग में यह चर्चा की गयी थी कि जनमानस को जागरूक करने हेतु मलासुर अभियान चलाया जायेगा, जिसे 15 फरवरी 2021 से 22 मार्च 2021 (विश्व जल दिवस) पर पूर्ण किया गया। तदोपरान्त कोविड—19 जैसे गम्भीर महामारी के चलते और लॉक डाऊन की अवधि में शासन/प्रशासन द्वारा जारी कोविड—19 के दिशा—निर्देशों के कारण आगामी प्रक्रिया नहीं हो पायी।<br><br>**2**—पालिका आगामी 08—09 हफ्तों में मलासुर अभियान के अन्तर्गत निम्न गतिविधियों को अपनायेगी। (अ) समस्त वार्डों में कचरा गाड़ियों के माध्यम से पालिका बिजनौर की अध्यक्ष महोदया एवं अधिशासी अधिकारी महोदय द्वारा दी गयी ऑडियों संदेश के द्वारा जागरूक किया जायेगा। **(ब)** आगामी दैनिक समाचार पत्रों में मलासुर से बचाव संबंधी जागरूक पोस्टर/आर्टिकिल। **(स)** शहर के उच्च वर्गों मौहल्लों एवं पार्कों आदि परिसर में नुक्कड़ नाटक एवं वॉल पेंटिंग आदि के माध्यम से जागरूकता फैलायी जायेगी। **(द)**समस्त सी0एस0टी0एफ0 सदस्यों को ट्रीटमेंट प्लांट पर ले जाकर यह शपथ ली जायेगी कि हम अपने शहर से निकले समस्त मल/गाद आदि का शोधन इसी निर्धारित स्थान पर ही करायेंगे। **(ड़)** नीजि टेंक सफाई कर्मियों को टैंक से निकले मल/गाद आदि को ट्रीटमेंट प्लांट पर ही डालने हेतु प्रोत्साहित करेंगे।<br>**(च)** उक्त प्रकरण के सम्बन्ध में जिलाधिकारी महोदय बिजनौर द्वारा, *''सही समय पर टैंक खाली करने का जागरूकता संदेश''* का प्रचार—प्रसार करायेंगे। | **1**—नगर पालिका परिषद्, बिजनौर द्वारा पालिका निधि से अभियान को प्रारम्भ करायेगी।<br><br>2—सी0एस0ई0 उक्त अभियान संबंधी समस्त सामग्री उपलब्ध करायेगी। |
| **(2)** बिजनौर नगर में मल—गाद प्रबंधन के लिये आने वाले समय में को—ट्रीटमेंट व्यवस्थ्था हेतु पालिका क्षेत्रान्तर्गत चलने वाली कार्य योजना। | **1**—बिजनौर पालिका शहर वासियों को प्रत्येक दशा में जागरूक करने का अथक प्रयास करेंगी।<br><br>**2**—पालिका में रजिस्ट्रर्ड समस्त निजि सेप्टिक टेंक सफाई कर्मियों की निगरानी हेतु जुर्माना वसूलने संबंधी प्रस्ताव लेकर आयेगी।<br><br>**3**—एफ0एस0एस0एम0 उपविधि आदि का बिजनौर पालिका द्वारा राजकीय प्रेस में गजट कराने संबंधी कार्यवाही करेंगी।<br>**4**—पालिका शीघ्र ही समस्त निजि सेप्टिक टेंक संबंधी सफाई कर्मियों की बेहतर निगरानी हेतु वार्ड सभासदगण के माध्यम से एक टीम गठित करेगी।<br><br>**5**—पालिका सीमान्तर्गत किसी भी सेप्टिक टेंक से निकाली गयी फिकल स्लज को ट्रीटमेंट प्लांट तक पहुँचाने में पालिका द्वारा निरंतर प्रयास किये जायेगे। | 1—बिजनौर पालिका द्वारा सुनिश्चित किया जायेगा<br><br>2—सी0एस0ई0 द्वारा नियमानुसार वास्तविक दंड राशि तय करने में पालिका की सहायता करेगी।<br><br>3—पालिका द्वारा सुनिश्चित किया जायेगा।<br><br>4—पालिका स्तर से कार्ययोजना तैयार की जायेगी, जिसमें सी0एस0ई0 द्वारा तकनीकि सहायता प्रदान की जायेगी।<br>**5**—इस संबंध में पालिका/ सी0एस0ई0 के द्वारा सर्वे किया जायेगा एवं खाली किये जाने वाले टेंकों संबंधी मकानो की सूची तैयार की जायेगीं |

| | | |
|---|---|---|
| **(3)** पालिका प्रांगण में विकेन्द्रीकृत अपशिष्ट जल शौधन के कार्यान्वयन की समय–रेखा। | **1**–पालिका द्वारा अवगत कराया गया कि 15वें वित्त के अन्तर्गत धनराशि तो प्राप्त हो चुकी है, परन्तु प्राप्त धनराशि को व्यय करने संबंधी कार्ययोजना स्वीकृत करने हेतु बोर्ड की बैठक का आयोजन किया जाना बाकी है।<br><br>**2**–पालिका के जलकल अनुभाग द्वारा विकेन्द्रीकृत अपशिष्ट जल शौधन के कार्यान्वयन को पूर्ण करने हेतु उक्त कार्ययोजना में रखा गया है, जिस पर आगामी 15वें वित्ता आयोग संबंधी बोर्ड बैठक में निर्णय लिया जायेगा। | 1–पालिका द्वारा आगामी बोर्ड बैठक में 15वें वित्त के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि के उपयोग की स्वीकृति हेतु प्रस्ताव पास करने हेतु रखा जायेगा।<br><br>2–पालिका बिजनौर द्वारा सुनिश्चित किया जायेगा कि उक्त संबंधी कार्ययोजना शीघ्र ही अमल में लायी जाये। |
| **(4)** सीमा विस्तार में शामिल हुए 11 ग्राम पंचायतों केक अपशिष्ठ जल प्रबंधन के लिए कम लागत में उपचार हेतु पॉयलेट प्रोजेक्ट। | **1**–पालिका 11 ग्राम पंचायतों में विकेन्द्रीकृत अपशिष्ट जल शौधन के माध्यम से अपशिष्ठ जल को शौधित करने हेतु एक कार्ययोजना तैयार करेगी।<br><br>**2**–सी0एस0ई0 योजना तैयार करने संबंधी दिशा–निर्देश देगी। | 1–पालिका कार्ययोजन तैयार करेगी।<br><br>2–सी0एस0ई0 शोध में तकनीकि सहायता प्रदान करेगी। |
| **(5)** स्वच्छता कर्मियों और निजी सेप्टिक टेंक सफाई कर्मियों द्वारा पी.पी.ई0 किट्स के उपयोग के संबंध में | **1**–पालिका सुनिश्चित करेंगी कि निजी टेंक सफाई कर्मी पी.पी.ई. किट्स का उपयोग स्वयं सुरक्षा के दृष्टिगत करेगे। पालिका प्रयास करेंगी कि समस्त रजिस्टर्ड टेंक सफाई कार्मिकों को पी.पी.ई. किट्स प्रदान करें।<br><br>**2**–पालिका सुनिश्चित करेगी कि पालिका के समस्त सफाई कर्मी पी.पी.ई. किट्स का उपयोग अनिवार्य रूप से करेगे। | 1–पालिका स्तर से सुनिश्चित किया जायेगा।<br><br>2–पालिका स्तर से सुनिश्चित किया जायेगा। |

मीटिंग उपरान्त उच्चाधिकारियों को अवर अभियन्ता (सिविल) द्वारा अवगत कराया गया कि प्रदर्शनी मैदान परिसर में पूर्व से बने आइडियल सेप्टिक टेंक साइट का नवीनिकरण का कार्य निरंतर चल रहा है, जिससे आगामी समय में राज–मिस्त्री आदि का प्रशिक्षण केन्द्र बनाया जा सके।

चेयरपर्सन पति श्री शमशाद अंसारी एवं नवागत अधिशासी अधिकारी श्री मनोज कुमार सिंह द्वारा आश्वासन दिया गया कि उक्त संबंधी समस्त बिन्दुओं पर हुई चर्चाओं को गम्भीरता से लेते हुए कार्यवाही की जायेगी।

02/8/21

अधिशासी अधिकारी,
नगर पालिका परिषद्, बिजनौर

अध्यक्षा,
नगर पालिका परिषद्, बिजनौर